# प्रेस नोट जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक 23.09.2025

- **थाना छपार पुलिस द्वारा टोल प्लाजा डिप्टी मैनेजर की हत्या के अभियोग में वांछित 02 हत्याभियुक्त(01 घायल सहित) को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया गिरफ्तार–**

  दिनांक 22/23.09.2025 की रात्रि में थाना छपार पर नियुक्त उ0नि0 श्री दीपक कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 258/25 धारा 191(2),190,140(1),351(3),352,115(2),333,131 बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. शिवम उर्फ शिव पुत्र सुधीर कुमार(घायल) व 2. वीशू उर्फ विस्तार पुत्र स्व0 विनोद निवासीगण ग्राम मौहम्मदपुर रायसिंह थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 प्लेटिना मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट व 02 तमंचे मय 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस 01 हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 23.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री तारिस वासिम मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 331/25 धारा 109,352,351(3),324(4) बीएनएस व 3/25/28 आयुध अधिनियम में वांछित अभियुक्त अजय शर्मा पुत्र पण्डित राम समझ चतुर्वेदी निवासी रोहाना मिल थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर(एचएस–72ए) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस 01 हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त अवैध शराब सहित गिरफ्तार**–

दिनांक 23.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री तारिस वासिम मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त सचिन पुत्र रामानन्द निवासी डबल टंकी के पास रामपुरी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर(एचएस–11ए) को नए पीर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 12 अध्धे अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 330/25 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना पुरकाजी पुलिस 01 अभियुक्त वांछित गिरफ्तार**–

दिनांक 23.09.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री विशाल राठी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 166/25 धारा 137(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त रोहित पुत्र सीताराम निवासी ग्राम मेघाखेडी थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को मधुबन वाटिका के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 64(2) बीएनएस व 5एल/6 पोक्सो एक्ट की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**–

दिनांक 23.09.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री विनीत कुमार मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 192/25 धारा 306,61(2) बीएनएस में वारण्टी अभियुक्त चौना उर्फ इर्तजा पुत्र मुन्ना निवासी खुसरोपुर रोड थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना ककरौली पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**–

दिनांक 23.09.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 137/9/18 धारा 363,366,376 भादवि व 3/4 पोक्सो अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त नीशू पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम खोकनी थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।